Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 23-11-2006

Participants : Suman Shri Ramji Lal

>

Title: Need to accord permission for undertaking Haj Pilgrimage to 1,47,000 Haj Pilgrims who had applied through Haj Committee.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : इस वर्ा पूरे देश से लगभग 1 लाख 47 हजार लोगों ने हज कमेटी की मार्फत हज यात्रा पर जाने के लिए आवेदन किया था, परंतु सरकार सिर्फ 1 लाख लोगों को ही जाने की अनुमति दे रही है जबकि 1 लाख 57 हजार का कोटा केन्द सरकार के पास मौजूद है ऐसे में जो हज यात्री 28 जून, 2006 तक आवेदन कर चुके हैं केन्द्र सरकार को उन्हें हज यात्रा पर भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए थी। इस संबंध में 18 अगस्त को लोक सभा में भी यह मामला उठा था, साथ ही साथ पूरे देश से लोगों की यह मांग निरंतर रही है कि हज कमेटी की मार्फत लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में हज यात्रा पर भेजा जाए मगर सरकार ने जनभावनाओं का आदर नहीं किया और इतिहास में पहली बार हज कमेटी की मार्फत आवेदन करने वाले लगभग 37 हजार लोग हज यात्रा से वंचित रह जायेंगे।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि सरकार हज यात्रियों की भावनओं को ध्यान में रखते हुए 1 लाख 47 हजार से ज्यादा हज यात्रियों को हज कमेटी की मार्फत हज यात्रा पर जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करे।